भारत सरकार
वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग
केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो
कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त,
'नारकोटिक्स हाऊस' राजस्व कालोनी के पास,
नीमच (म.प्र.) 458441

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Finance, Department of Revenue
Central Bureau of Narcotics
O/o the Deputy Narcotics Commissioner,
"Narcotics House", Near Rajaswa Colony,
Neemuch (M.P.) 458 441

EPABX-07423-223030 e-mail : dnc-neemuch@cbn.nic.in

फा.सं. I(22)04/Weighment/E.W.S./2025- दिनांक : 7.02.2025

**:: निविदा सूचना ::**

मध्य–प्रदेश इकाई में अफीम फसल वर्ष 2024–25 के लिए विभिन्न अफीम तौल केन्द्रों पर अफीम एवं C.P.S. पद्धति के तहत डोडो का तौल कार्य किया जायेगा, जिसमें उपयोग होने वाले इलेक्ट्रोनिक बैलेंस मशीनों के रख–रखाव हेतु निविदाएं आंमत्रित की जाती है–

1. प्रत्येक तौल केन्द्र पर 4 प्लेटफार्म बैंलेंस का रखरखाव करना होगा, जिनकी संख्या घटाई व बढाई जा सकती है।
2. मार्च, 2025 के अंतिम सप्ताह अथवा अप्रैल, 2025 के प्रथम सप्ताह से लगभग 20 दिनों के लिए अफीम तौल का कार्य किया जायेगा। गरोठ एवं जावरा का तौल कार्य लगभग 10 दिनों तक चलेगा।
3. इच्छुक फर्म अपनी मुहरबंद निविदाओं के लिफाफे में दिनांक 17.02.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच में प्रस्तुत कर सकते, दिनांक 17.02.2025 को दोपहर 12:00 बजे के पश्चात् प्राप्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
4. इच्छुक फर्म को अपनी निविदाएं दो प्रकार की प्रणालियों में जमा करनी होगी, जो की निर्धारित प्रोफार्मा (अनुलग्नक–। और ।।) में (i) तकनीकी बोली और (ii) वित्तीय बोली है। जिसमे पहले लिफाफे पर "**अफीम तौल कार्य हेतु इलेक्ट्रोनिक बैलेंस की निविदा हेतु तकनीकी बोली**" एवं दूसरे लिफाफे पर "**अफीम तौल कार्य हेतु इलेक्ट्रोनिक बैलेंस की निविदा हेतु वित्तीय बोली**" लिखा हो।
5. तकनीकी बोली (Technical Bid) को केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो, नीमच की मूल्यांकन समिति द्वारा 17.02.2025 को 16:00 बजे खोला जाएगा और केवल उन बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां, जो की तकनीकी बोलियों में योग्य है, दिनांक 17.02.2025 को 16:30 बजे कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त, नारकोटिक्स हाउस, राजस्व कॉलोनी, नीमच (म.प्र.) में खोली जाएंगी।
6. न्यूनतम दर (सभी करों सहित) वाले एक ही सफल निविदादाता को समस्त तौल केन्द्रों के लिये कार्यादेश जारी किया जायेगा। न्यूनतम दरें, एक से अधिक समान होने की स्थिति में जीएसटी पंजीकरण वाले निविदादाता को वरीयता दी जाएगी।
7. जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति, यदि हो तो संलग्न करें।
8. निम्न विविरणिका अनुसार प्रति बैलेंस के रख–रखाव हेतु दर अनुलग्नक–IV में भरकर वित्तीय बोली के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

**विवरणिका**

| S.No. | Name of equipments | Specifications |
|---|---|---|
| 1 | Plax TP Electronic Weighing Scale PL size 500X500 mm with Printer | Capacity - 40 Kgs.<br>Accuracy - 10 grams. |
| 2 | Precision electronic balance (Make Contech) | Capacity - 120 grams<br>Accuracy - 1 miligram |

## नियम एवं शर्ते

1. सभी बैलेंस मय प्रिन्टर बैलेंस विभिन्न संख्या में कार्यालय जिला अफीम अधिकारी, नीमच प्रथम/ द्वितीय/ तृतीय, मंदसौर प्रथम/ द्वितीय/ तृतीय, जावरा प्रथम/ द्वितीय, एवं गरोठ खण्ड में रखे है, जिन्हे जांच कर मरम्मत कार्य दिनांक 04.03.2025 तक पूरा करना होगा। इस कार्य हेतु निविदादाता किसी भी कार्य दिवस में उपरोक्त कार्यालयों में सुबह 09:30 बजे से 18:00 बजे तक जा सकते है।
2. समस्त बैलेंस तथा प्रिन्टरो की मरम्मत, रखरखाव तथा पूरे तौल कार्य के दौरान कार्य स्थिति में रखने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी। बैंलेंस एवं प्रिन्टर की मरम्मत में लगने वाले पार्टस भी निविदादाता द्वारा ही लगाए जाएगें। समस्त बैलेंसो मय प्रिन्टर को तौल केन्द्र पर लगाने (Installation), तौल के दौरान समस्त रखरखाव (Maintenance) नियमित चलाने की जिम्मेदारी स्वयं निविदादाता की होगी ।
3. निविदादाता को **प्रति बैलेंस के रख–रखाव मय पार्टस एवं सभी उपकरण संसाधनो को सम्मिलित** करते हुए दो अलग–अलग मोहरबंद लिफाफों में अपनी निविदा देनी होगी। जिसमें पहले लिफाफें पर **"अफीम तौल कार्य हेतु इलेक्ट्रोनिक बैलेंस की निविदा हेतु तकनीकी बोली"** एवं दूसरे लिफाफे पर **"अफीम तौल कार्य हेतु इलेक्ट्रोनिक बैलेंस की निविदा हेतु वित्तीय बोली"** लिखा हो।
4. निविदादाताओं को प्रति निविदा के साथ धरोहर राशि के रूप में रू. 90,000/– (रूपये दस हजार) मात्र का बैक ड्राफ्ट जो "आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कार्यालय उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच" के नाम पर देय हो, **वित्तीय बोली** वाले लिफाफ के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा। एवं **धरोहर राशि के ड्राफ्ट की एक प्रतिलिपि (copy) तकनीकी बोली वाले लिफाफे के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।**
5. यदि बोली में चयन होने के बाद किसी भी कारणवश निविदादाता कार्य करने के लिये मना करता है तो उसके द्वारा जमा की गयी धरोहर राशि विभाग द्वारा जब्त कर ली जावेगी एवं दूसरी सबसे कम दर वाले निविदादाता को कार्यादेश जारी कर दिया जावेगा जिसके बारे में पुनः विचार नही किया जावेगा।
6. तौल कार्य के दौरान प्रत्येक तौल केन्द्र पर निविदादाता को दो प्रशिक्षित कर्मचारी रखने होगें, जो बैलेंस का रख–रखाव कर सके एवं प्रिन्ट निकाल सकें। प्रशिक्षित कर्मचारी को देय दर निविदा में वित्तीय बोली के अंतर्गत अलग से दर्शायी जाए।
7. सभी बैलेंस का सत्यापन सर्टिफिकेट राज्य तौल विभाग से दिनांक 04.03.2025 तक कराकर संबंधित जिला अफीम अधिकारी को देना होगा, जिनका भुगतान राज्य तौल विभाग के मूल बिल प्रस्तुत करने पर विभाग द्वारा किया जायेगा।
8. फर्म द्वारा संतोषजनक कार्य न किये जाने की स्थिति में फर्म का भुगतान रोका जा सकता है अथवा 25 प्रतिशत तक कटौती की जा सकती है एवं धरोहर राशि भी जप्त की जा सकती है।
9. इस संदर्भ में कोई भी कानूनी कार्यवाही नीमच न्यायालय के अधीन होगी।
10. सर्वाधिकार श्रीमान उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच के पास सुरक्षित होगा। किसी भी निविदा/सभी निविदाओं को बिना कारण बताए निरस्त करने अथवा नई निविदा आमंत्रित करने का अधिकार श्रीमान उप नारकोटिक्स आयुक्त, नीमच के पास सुरक्षित होगा।

अधीक्षक (कार्यपालक)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. श्री एस.के. वर्मा, अधीक्षक (Online), कार्यालय नारकोटिक्स आयुक्त, 19, माल रोड़, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.) –474006 को निविदा की सूचना विभागीय वेबसाईट पर प्रसारित करने हेतु प्रेषित है।
2. जिला अफीम अधिकारी, नीमच प्रथम/द्वितीय/तृतीय, मन्दसौर प्रथम/द्वितीय/तृतीय, जावरा प्रथम/द्वितीय एंव गरोठ खण्ड को इस आशय से प्रेषित (केवल ई–मेल द्वारा) है कि आप आपके कार्य क्षैत्र में प्रचलित एवं प्रतिष्ठित फर्मो को सूचित करें।

अधीक्षक (कार्यपालक)

**निरंजन गुरु**
**अधीक्षक (कार्यपालक)**

अनुलग्नक–I

## तकनीकी बोली (Technical Bid)

(केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की म.प्र. इकाई में फसल वर्ष 2024–25 हेतु तौल केन्द्रों पर इलेक्ट्रोनिक बैलेंस मशीनों के रखरखाव हेतु)

| | | |
|---|---|---|
| 1 | टेंडरिंग कंपनी का नाम (कंपनी के संक्षिप्त प्रोफाइल के साथ पंजीकरण का प्रमाण पत्र संलग्न करें) | |
| 2 | कंपनी के प्रोप्राइटर/निदेशक का नाम | |
| 3 | टेलीफोन नंबर फैक्स और ई–मेल के साथ पंजीकृत कार्यालय का पूरा पता | |
| 4 | ऑपरेटिंग/शाखा कार्यालय का पूरा पता टेलीफोन नंबर फैक्स और ई–मेल के साथ | |
| 5 | FY 2023-24 (AY 2024-25) की आयकर रिर्टन (ITR) प्रति संलग्न करें। | |
| 6 | वस्तु एंव सेवा कर (GST) पंजीकरण संख्या (अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें) यदि हो तो। | |
| 7 | शपथ पत्र – यह बताते हुए कि कंपनी को पिछले तीन वर्षों में केन्द्र/राज्य सरकार/पीएसयू द्वारा न तो ब्लैकलिस्ट किया गया है (प्रतिलिपि संलग्न करें) और न ही किसी भी सरकारी विभागों के साथ कोई मुकदमेबाजी लंबित है। (रु. 100 के स्टाम्प पर) | |
| 8 | धोखाधडी और भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में घोषणापत्र (निविदा दस्तावेज में दिये गए एनेक्सर–III में विधिवत हस्ताक्षरित और प्रमाणित) | |
| 9 | निविदा दस्तावेज निष्पादित करने के लिए फर्म द्वारा किसी व्यक्ति का प्राधिकरण पत्र (authorisation letter) | |

तारीख –

स्थान –

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील

अनुलग्नक—II

# वित्तीय बोली (Financial Bid)

(केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की म.प्र. इकाई में फसल वर्ष 2024—25 हेतु तौल केन्द्रों पर इलेक्ट्रोनिक बैलेंस मशीनों के रखरखाव हेतु)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बोलीदाता फर्म का नाम | |
| 2. | पता (टेलिफोन नम्बर एवं फैक्स नम्बर के साथ | |
| 3. | प्रोप्राईटर / निदेशक / भागीदार का नाम व पता (मोबाईल नम्बर सहित) | |
| 4. | अनुलग्नक-IV का कुल योग (अनुलग्नक-IV भरकर वित्तीय बोली के साथ संलग्न भी करें) | |
| 5. | जी.एस.टी. | |
| 6. | आपरेटर शुल्क (जी.एस.टी. सहित) | |
| | कुल राशि (उपरोक्त 4+5+6) | |

तारीख –
स्थान –

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील

अनुलग्नक–III

## धोखाधडी और भ्रष्ट आचार के बारे में घोषणा

मैं/हम यह प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि पिछले तीन वर्षों में, मैं/हम न तो किसी अनुबंध के अनुपालन में असमर्थ रहा/रहे हैं और न ही मैं/हम पर किसी मध्यस्थ अथवा न्यायिक अधिकारी द्वारा कोई जुर्माना लगाया गया है और न ही किसी भी परियोजना या अनुबंध के मेरे/हमारे भाग पर उल्लंघन के सम्बन्ध में किसी सार्वजनिक प्राधिकरण से निष्कासित किया गया है।

(क) मैं/हम किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से या किसी प्रतिनिधि एजेन्ट के माध्यम से किसी भ्रष्ट व्यवहार, धोखाधडी, बलपूर्वक, अवांछनीय कृत्य या प्रतिबंधकारक कार्य में लिप्त नहीं हैं जो कि किसी भी निविदा या प्राधिकरण या किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम या किसी भी सरकार, केंद्रीय या राज्य के साथ दर्ज किए गए प्रस्ताव या किसी समझौते के संबंध में हो; तथा

(ख) मैने/हमने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि मेरी/हमारी तरफ से कोई भी व्यक्ति कोई भी गलत कार्रवाई नहीं करेगा या किसी भी भ्रष्ट व्यवहार, धोखाधडी, बलपूर्वक, अवांछनीय कृत्य या प्रतिबंधात्मक कार्य में लिप्त नहीं रहेगा।

मैं/हम यह प्रमाणित करते हैं कि हम या हमारे किसी भी एसोसिएटस को किसी न्यायालय (Court of Law) द्वारा दोषी नहीं ठहराया गया है या न ही किसी नियामक प्राधिकरण द्वारा इस सम्बन्ध में सूचित किया गया है या प्रतिकूल आदेश दिये गए हैं, जो अनुबन्ध (Project) को शुरू करने के लिए हमारी क्षमता पर संदेह करता है या जो एक गंभीर अपराध से संबंधित होता है जो समाज की नैतिकता को प्रभावित करता हो।

मैं/हम आगे प्रमाणित करते हैं कि देश की सुरक्षा और अखंडता से संबंधित मामलों के संबंध में, सरकार की किसी भी एजेंसी द्वारा हम पर न ही कोई आरोप पत्र जारी किया गया है अथवा विधि न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है।

मैं/हम आगे यह भी प्रमाणित करते हैं कि नियामक प्राधिकरण (Regulatory Authority) द्वारा कोई जांच हमारे या हमारे सीईओ या हमारे निदेशकों/प्रबंधकों/कर्मचारियों के खिलाफ लंबित नहीं है।

तारीख –

स्थान –

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील

अनुलग्नक–IV

(केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की म.प्र. इकाई में फसल वर्ष 2024–25 के तौल कार्य में इलेक्ट्रोनिक बैलेंस मशीनों के रख–रखाव हेतु प्रतिनग अनुसार प्रस्तुत की जाने वाली दरें )

| S.No. | Name of equipments | Specifications | Rate per equipment |
|---|---|---|---|
| 1 | Plax TP Electronic Weighing Scale PL size 500X500 mm with Printer | Capacity - 40 Kgs.<br>Accuracy - 10 grams. | |
| 2 | Precision electronic balance (Make Contech) | Capacity - 120 grams<br>Accuracy - 1 miligram | |
| | | **कुल योगः** | |

तारीख –

स्थान –

अधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर मय सील